हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 सितंबर -- 2026  समय 1810 (10 मिनट)

- देश के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण। - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया।

- पूरे देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाई जा रही है।- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनायें दीं।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

- उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने पंजाब विश्वविद्यालय में परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा और केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला में उन्नत उपकरण सुविधा का उद्घाटन किया। कहा- पंजाब विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय बनाया जायेगा।

**********

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने आज तड़के श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी-एफ17 रॉकेट के माध्यम से देश के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस-05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

*मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि GSLV-F17 वाहन ने उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 को सफलतापूर्वक और सटीक रूप से उसकी निर्धारित और आवश्यक कक्षा में स्थापित कर दिया है। और, हमने इस प्रक्षेपण वाहन का उपयोग करके सबसे भारी उपग्रह को स्थापित किया है। एक बार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 के चालू हो जाने के बाद, यह भू-कक्षा से भारत का पहला समर्पित इमेजिंग उपग्रह बन जाएगा, जो हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक डेटा प्रदान करेगा।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो की इस उपलब्धि को राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है।

**********

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन त्योहार पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देशवासियों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

**********

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर स्थित पवित्र तीर्थ स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की उन्नति, खुशहाली एवं तरक्की के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार तीन गुना गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

धान खरीद के दौरान नमी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि धान में नमी की मात्रा कम रहे।

**********

हरियाणा के विभिन्न जिलों से जन्माष्टमी मनाए जाने के समाचार मिले हैं। कैथल में श्री 11 रुद्री शिव मंदिर, श्री हनुमान वाटिका, श्री शिव शक्ति धाम मंदिर, श्री गीता भवन मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर एवं सनातन धर्म मंदिर को सुंदर एवं आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण जी को पूर्ण श्रद्धा के साथ भोग लगा रहे हैं। श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर के प्रांगण में सुंदर एवं भव्य झांकियां प्रदर्शित की गई हैं।

**********

फरीदाबाद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर एनआईटी-5 स्थित श्री गीता आश्रम में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र तथा स्वर साधना मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगीत के करीब 150 संगीत के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण और राधा का स्वरूप धारण कर भजनों व रास नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज चंडीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय में परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा और केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला में उन्नत उपकरण सुविधा का उद्घाटन किया। इस सुविधा से जीव, रसायन

एवं भौतिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की विश्लेषण एवं अनुसंधान क्षमताएं बढ़ेंगी। इस दौरान पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के साथ पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने पंजाब विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी नवाचार मंच का भी उद्घाटन किया, जो विश्वविद्यालय के स्टार्टअप और अनुसंधान प्रणाली को मजबूत करेगा। उन्होंने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के 143 साल पुराने गौरवशाली इतिहास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय व्यावहारिक रूप से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की तरह ही है।

उपराष्ट्रपति ने युवाओं से अपील की कि वे नशों को पूरी तरह से 'ना' कहें और देश के विकास में अपना योगदान दें। इसके साथ ही उन्होंने परिसर की सुरक्षा को विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

**********

हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविन्द शर्मा ने आज हिसार के बिश्नोई मंदिर में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी व गुरु जंभेश्वर महाराज के 576 वें जन्मोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 15वीं सदी में गुरु जंभेश्वर जी की सोच थी कि पशु, पक्षी एवं पौधे सब पर्यावरण का हिस्सा हैं और इनका संरक्षण करना चाहिए।

उन्होंने दस हज़ार पौधे लगाने के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद डी पी वत्स की प्रशंसा की और सभी को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया।

कैबिनेट मंत्री ने समारोह में रखी गई मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जगाधरी में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्व. जगदीश मित्तल के अंतिम संस्कार में भाग लिया। स्व. जगदीश मित्तल का कल निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्व. जगदीश मित्तल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोक-संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि स्व. जगदीश मित्तल का निधन समाज और विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के लिए अपूर्णीय क्षति है।

**********